# आरईएस की महिला लिपिक 8 हजार की रिश्वत लेते हुए ट्रैप

## लोकायुक्त रीवा की टीम ने कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा सीधी कार्यालय में की दबिश कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 8 अक्टूबर। कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा सीधी कार्यालय में आज लोकायुक्त रीवा की टीम ने आज महिला लिपिक को 8 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए ट्रैप किया। यह रिश्वत ठेकेदार से बकाया भुगतान के लिए ली जा रही थी।**

### लोकायुक्त की 9 सदस्यीय टीम ने की कार्यवाही

ठेकेदार राजकुमार साकेत की शिकायत पर आज लोकायुक्त रीवा की 9 सदस्यीय टीम कार्यालय कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा सीधी में पहुंचकर पूर्व से ही अपना मोर्चा संभाल लिया था। सभी कर्मचारी सिविल कपड़े में थे और कार्यालय के आसपास मौजूद थे। कार्यालय में जब ठेकेदार राजकुमार साकेत पहुंचे तो उन्हें लिपिक कु .नेहा सिंह को रिश्वत की राशि देने के लिए निर्देशित किया गया। जिस पर राजकुमार साकेत लिपिक के पास पहुंचे और 8 हजार रुपए रिश्वत दे दिया। रिश्वत देने के बाद ठेकेदार राजकुमार साकेत ने बाहर मौजूद लोकायुक्त टीम के पास मैसेज भेजा जिस पर टीम के सदस्य आनन-फानन में कार्यालय के अंदर पहुंचे और लिपिक नेहा सिंह को रिश्वत की राशि के साथ गिरफ्तार किया। लोकायुक्त पुलिस टीम के ट्रैपकर्ता अधिकारी उपेन्द्र दुबे निरीक्षक थे। वहीं ट्रैप दल के सदस्य में उप निरीक्षक श्रीमती आकांक्षा शुक्ला, प्रधान आरक्षक सुरेश कुमार, मुकेश मिश्रा, शिवलाल प्रजापति, पवन पाण्डेय, आरक्षक लवलेश पाण्डेय, मनोज मिश्रा, जीतेन्द्र सिंह शामिल थे। लिपिक नेहा सिंह को गिरफ्तार कर कार्रवाई के लिए लोकायुक्त टीम स्थानीय सर्किट हाउस पहुंची।



शिकायतकर्ता, राजकुमार साकेत





आरोपिया, नेहा सिंह

लोकायुक्त पुलिस के अनुसार राजकुमार साकेत पिता गोपीचंद साकेत उम्र 33 वर्ष ग्राम पंचायत बडख़रा 734, तहसील चुरहट, जिला सीधी द्वारा 6 अक्टूबर 2025 को लोकायुक्त कार्यालय रीवा में शिकायत आवेदन प्रस्तुत किया गया था। शिकायत में लेख किया गया था कि ग्राम पंचायत बड़खरा 734 में पुलिया निर्माण कार्य वर्ष 2022-23 में मेरे द्वारा कराया गया था। पुलिया निर्माण की स्वीकृत राशि 4.64 लाख रुपए थी। जिसमें 2.38 लाख रुपए का भुगतान लगभग 6 माह पहले हो गया था। उक्त कार्य की शेष राशि 2.26 लाख रुपए में ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा चुरहट एसडीओ रामाश्रय पटेल एवं जनपद पंचायत रामपुर नैकिन उपयंत्री अखिलेश मौर्य द्वारा सभी लोगों की तरफ से 7 प्रतिशत की दर से 15 हजार रुपए की मांग की जा रही थी। शिकायत प्राप्त होने पर लोकायुक्त संभाग रीवा के पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार पाटीदार द्वारा सत्यापन कराया गया।

सत्यापन के दौरान पाया गया कि आरोपीगण द्वारा 8 हजार रुपए रिश्वत की मांग की गई थी। शिकायत सही पाए जाने पर पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त के निर्देशन में आज 8 अक्टूबर 2025 को टीम गठित कर ट्रैप की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया था। लोकायुक्त टीम द्वारा आरोपिया कुमारी नेहा सिंह सहायक ग्रेड-3 ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा सीधी कार्यालय ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा सीधी को 8 हजार रुपए के रिश्वत लेते हुए कार्यालय में ट्रैप किया गया। बताया गया है कि उक्त रिश्वत एसडीओ एवं लिपिक के लिए दिया गया था। जबकि उपयंत्री एवं अन्य का कमीशन 7 हजार रुपए भी ठेकेदार देने के लिए रखा था। किन्तु संबंधित कर्मचारियों को भनक लग जाने से वह ट्रैप के पहले ही गायब हो गए।

### इनका कहना है

ठेकेदार राजकुमार साकेत निवासी बड़खरा से पुलिया निर्माण का पेंडिंग भुगतान करने के एवज में एसडीओ, उपयंत्री, लिपिक एवं अन्य कर्मचारियों द्वारा कमीशन की मांग की गई थी। यह कमीशन 7 प्रतिशत की दर से 15 हजार रुपए मांगा गया था। आज रिश्वत देने के लिए जब ठेकेदार कार्यालय पहुंचे तो अन्य लोगों को भनक लग जाने से आए। वहीं महिला लिपिक नेहा सिंह को रिश्वत लेते ट्रैप किया गया।

**उपेन्द्र दुबे, निरीक्षक लोकायुक्त रीवा**


मेरे द्वारा तत्कालीन विधायक शरदेन्दु तिवारी के मद से बड़खरा में पुलिया निर्माण का कार्य 4 .64 लाख की लागत से कराया गया था। जिसमें 2 .38 लाख रुपए भुगतान काफी चक्कर काटने के बाद 6 माह पहले दिया गया। शेष बकाया 2 .26 लाख का भुगतान देने के लिए चक्कर कटवाया जा रहा था। एसडीओए उपयंत्री एवं अन्य कर्मचारियों द्वारा 7 प्रतिशत की दर से 15 हजार रुपए रिश्वत की मांग की गई थी। 8 हजार रुपए रिश्वत लिपिक नेहा सिंह को दिया।

**राजकुमार साकेत, शिकायतकर्ता**

# स्वर्णकार समाज के पितृ पुरुष महाराजा अजमीढ़ देव की पूजा पार्क में मनाई गई जयंती

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 8 अक्टूबर। स्वर्णकार समाज प्रदेश मीडिया प्रभारी संजय सोनी ने बताया कि शरद पूर्णिमा के अवसर पर स्वर्णकार समाज के आदि देव पितृपुरुष श्री श्री 1008 महाराजा अजमीढ़ देव जी की जयंती कार्यक्रम पूजा पार्क सीधी में स्थापित भगवान श्री गणेश मंदिर प्रांगण में संपन्न हुआ। जहां सभी स्वर्णकार भाइयों और बहनों ने महाराज जी के कार्यों को याद करते हुए महाराज जी के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किए।**



श्री सोनी ने बताया कि पौराणिक इतिहास के अनुसार महाराजा अजमीढ़ जी चंद्रवंश की 28वीं पीढ़ी में त्रेतायुग के अंत में जन्मे थे, जिन्होंने अजमेर नगर की स्थापना की और इन्हें मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज का आदि पुरुष माना जाता है। वे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के समकालीन और परम मित्र थे तथा अपने दादा महाराजा हस्ति के बड़े पुत्र थे, जिन्होंने हस्तिनापुर बसाया था। महाराजा अजमीढ़ एक कुशल कलाकार भी थे, जिन्होंने सोने-चांदी के आभूषण बनाने की कला को बढ़ावा दिया, जो उनके वंशजों के लिए व्यवसाय बन गई। तभी से स्वर्णकार समाज का निर्माण माना जाने लगा और महाराजा अजमीढ़ देव को स्वर्णकार समाज अपना पितृ पुरुष मानने लगे।

कार्यक्रम में विशेष रूप से वरिष्ठ शिक्षक और संभागीय अध्यक्ष श्रीराम सोनी, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती पूनम अमित सोनी, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती जगदंबा सुभाष सोनी, डॉ.अरविंद सोनी, एड.प्रदीप सोनी, अस्सू सोनी, कपिल सोनी, लालजी सोनी, अवधलाल सोनी, उमा सोनी, श्यामलाल सोनी, एड.ललित सोनी, राजाराम सोनी, कार्तिकानंद सोनी, एड.यादवेंद सोनी, एड.कार्तिक आनंद सोनी, विनोद सोनी, पूर्व एएसआई भानुशंकर सोनी, चंदन सोनी, शुभम सोनी, नीरज सोनी, उमेश सोनी, शरद सोनी, सागर सोनी सहित समस्त स्वर्णकार बंधु उपस्थित रहे। श्री सोनी ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सबके सहयोग हेतु समस्त बंधुओं का सहृदय धन्यवाद आभार भी ज्ञापित किया।

# टमसार में वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**कुसमी 8 अक्टूबर। वन्य प्राणी जीव संरक्षण सप्ताह अंतर्गत संजय टाईगर रिजर्व अंतर्गत मोहन रेंज टमसार द्वारा शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल टमसार में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम में विद्यार्थी एवं ग्रामीणजनों को वन्य प्राणी सप्ताह के उद्देश्य महत्व और पर्यावरणीय संतुलन मे वन्य जीवो की भूमिका के बारे मे विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने चित्रकला, रंगोली, निबंध, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओ में भाग लिया।



जहां वन विभाग से एसडीओ भारत सिंह सोलंकी, वन परिक्षेत्राधिकारी हर्षित मिश्रा, प्राचार्य रामपाल सिंह, डिप्टी केदारलाल शर्मा, वनरक्षक सोनी सिंह, अशोक तिवारी सहित वन विभाग एवं विद्यालय का स्टाफ एवं छात्र-छात्राये उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत मे विजयी विद्यार्थियों को पुरुस्कार वितरण एवं लंच पैकेट वितरण किया गया।

# जीवन में मनुष्य को श्रीकृष्ण की तरह मित्रता निभानी चाहिए : डॉ .श्याम सुंदर

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 8 अक्टूबर। राम जानकी पैलेस, राम जानकी मंदिर के सामने पटपरा रोड में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का हवन-पूजन एवं प्रसाद वितरण के साथ समापन हुआ।**

कथा व्यास डॉ.श्याम सुंदर पाराशर महाराज ने अंतिम दिन सुदामा चरित्र की कथा का वर्णन किये। मुख्य यजमान यज्ञ नारायण सोनी पत्नी श्रीमती प्रमिला सोनी सहित शहरवासी सप्ताह ज्ञान यज्ञ में भरपूर पुण्य प्राप्त किये। सातवें दिन पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक कमलेश्वर पटेल, नगर पालिका



उपाध्यक्ष दानबहादुर सिंह चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू रामजी सिंह, जगदीश उपाध्याय उपस्थित रहे। व्यास ने कहा कि सुदामा संसार में सबसे अनोखे भक्त रहे हैं। वह जीवन में जितने गरीब नजर आए, उतने वे मन से धनवान थे। उन्होंने अपने सुख व दुखों को भगवान की इच्छा पर सौंप दिया था। श्रीकृष्ण और सुदामा के मिलन का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। उन्होंने कहा कि जब सुदामा भगवान श्रीकृष्ण ने मिलने आए तो उन्होंने सुदामा के फटे कपड़े नहीं देखे बल्कि मित्र की भावनाओं को देखा। मनुष्य को अपना कर्म नहीं भूलना चाहिए। अगर सच्चा मित्र है तो श्रीकृष्ण और सुदामा की तरह होना चाहिए। जीवन में मनुष्य को श्रीकृष्ण की तरह अपनी मित्रता निभानी चाहिए। कथा सुनने आए श्रद्धालुओं ने भक्ति रस का पान किया। समापन पर आचार्य द्वारा विधि-विधान से हवन कराया। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। गाजे-बाजे के साथ श्रीमद्भागवत कथा की विदाई की। इस दौरान सिद्धार्थ सोनी, अवधेश सोनी, जागेंद्र सोनी, विघ्नेश्वर दुबे, रजनीश सेन, सत्यम साकेत, धर्मेन्द्र सिंह चौहान, सौरव सेन, बिहारी लाल सोनी, कमलेश्वर सोनी, राज सोनी, दीपू लखेरा, अंकित सिंह बघेल, गौरव मिश्रा, पुष्पेन्द्र पाठक आदि भक्तगण पूरे आयोजन में भरपूर सहयोग किया।

# एनएमएमएस परीक्षा की गोपनीय सामग्री का वितरण कल

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 8 अक्टूबर। जिला शिक्षा अधिकारी ने जानकारी देकर बताया कि राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा छात्रवृत्ति (एनएमएमएस) परीक्षा की गोपनीय सामग्री का वितरण शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2, सीधी से 10 अक्टूबर 2025 को प्रात: 10.30 बजे से किया जाएगा।**

उन्होंने संबंधित प्राचार्यो शाउमावि क्रमांक-2 सीधी, सीधी खुर्द, उत्कृष्ट सीधी, चौफाल, लकोडा, अमिलिया, बहरी, सपही, उत्कृष्ट सिहावल, उत्कृष्ट कुसमी, पोड़ी, भुईमाड, टमसार, पथरौला, मॉडल मझौली, मड़वास, ताला, उत्कृष्ट रामपुर नैकिन, कन्या चुरहट, खड्डी एवं हनुमानगढ़ को निर्देशित किया है कि वे निर्धारित तिथि 10 अक्टूबर को प्रात: 10.30 बजे स्वयं उपस्थित होकर परीक्षा केन्द्र की गोपनीय सामग्री प्राप्त करना सुनिश्चित करें।



# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का उपखंड स्तरीय एकत्रीकरण आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**सेमरिया 8 अक्टूबर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का उपखंड स्तरीय एकत्रीकरण आज सेमरिया उपखंड के अंतर्गत बढ़ौरा, सेमरिया और कुबरी मंडलों में आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने अनुशासन, संगठन और समर्पण की भावना के साथ सहभागिता की तथा गणवेश वितरण कार्यक्रम भी संपन्न हुआ।**

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से खंड संघ चालक रामप्रताप बैगा, खंड कार्यवाह संदीप मिश्रा, विभाग कुटुंब प्रबोधन प्रमुख अमोल सिंह, उपखंड कार्यवाह विकास नारायण तिवारी, उपखंड व्यवस्था प्रमुख अभिषेक मिश्रा, सेमरिया मंडल प्रमुख विजय गुप्ता, कुबरी मंडल प्रमुख प्रिंस मिश्रा और बढ़ौरा मंडल प्रमुख मनीष मिश्रा सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे। उपखंड कार्यवाह विकास नारायण तिवारी ने बताया कि आज सेमरिया उपखंड के तीनों मंडलों का एकत्रीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें संगठन के कार्यों की समीक्षा, आगामी योजनाओं पर चर्चा और समाजिक समरसता को बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया। उन्होंने कहा कि संघ का उद्देश्य समाज में संगठन, सेवा और संस्कारों को सुदृढ़ बनाना है। विभाग कुटुंब प्रबोधन प्रमुख अमोल सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि संघ का प्रत्येक स्वयंसेवक राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए समाज में परिवार भावना और आपसी सौहार्द को मजबूत करने का कार्य कर रहा है। खंड कार्यवाह संदीप मिश्रा ने कहा कि संघ के कार्यकर्ता समाज के हर वर्ग तक सकारात्मक विचार पहुंचा रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन अनुशासित और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। स्वयंसेवकों ने संघ के सिद्धांतों- सेवा, संगठन और समर्पण के प्रति अपनी निष्ठा को दोहराते हुए राष्ट्र के प्रति कर्तव्य पालन का संकल्प लिया।

## एक नजर में

### एकलव्य स्कूल के 14 छात्रों का संभाग स्तर पर चयन



**सीधी।** 69वीं शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता ने एकलव्य स्कूल की छात्राएं तनु सिंह, प्रेरणा सिंह, लक्ष्मी गुप्ता, शिवांगिनी सिंह, हर्षिता सिंह, देवकी भुजवा, प्रतीक्षा तिवारी, रिया द्विवेदी का चयन क्रिकेट में आर्यन सिंह, आदित्य सिंह का चयन बास्केटबॉल में। अमन द्विवेदी, आदर्श तिवारी, मोहित यादव का चयन योग में तथा आयुष केवट का चयन खो-खो खेल में हुआ है। ज्ञात हो कि जिला स्तर पर बच्चों की मेहनत से यह उपलब्धि मिली है एवं जिले का नाम रोशन किया है। इस खेल में मार्गदर्शक के रूप में विद्यालय के खेल प्रशिक्षक अरविन्द सिंह, रजनीश पाण्डेय, मुकेश मिश्रा तथा दिव्यराज सिंह की एवं छात्र-छात्राओं की लगन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। छात्रों की इस प्रदर्शन में विद्यालय संचालक ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह सहित समस्त विद्यालयीन परिवार एवं अभिभावकों द्वारा छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी गई।

### जवाहर नवोदय में संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ



**चुरहट।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट जिला सीधी में 7 से 16 अक्टूबर 2025 तक 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का आयोजन कर्नल संदीप जसपाल एवं सूबेदार मेजर भगवानदास, 3 एमपी बटालियन एनसीसी रीवा के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। शिविर के सफल संचालन में प्रभारी प्राचार्य डॉ .डी .के .त्रिपाठी का महत्वपूर्ण योगदान है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम उपायुक्त आर .के .वर्मा, सहायक आयुक्त लेखराज मीणा, डी .के .सिंह तथा सहायक आयुक्त एवं संकुल प्रभारी श्रीमती दीक्षा ज्योति मिश्रा के निर्देशन में आयोजित हो रहा है। इस शिविर में सीधी, रीवा, सतना, मऊगंज एवं सिंगरौली जिलों के लगभग 400 एनसीसी कैडेट भाग ले रहे हैं। कैडेट्स को शारीरिक प्रशिक्षण, ड्रिल, मैप रीडिंग, वेपन ट्रेनिंग, आपदा प्रबंधन तथा व्यक्तित्व विकास से संबंधित विभिन्न विषयों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण दल में लेफ्टिनेंट उमाकांत साहू, थर्ड ऑफिसर पंकज शर्मा, राजकुमार मांझी, विश्वास कुमार पाण्डेय तथा राजप्रकाश सिंह यादव सहित जेसीओ, एनसीओ, पीआई स्टाफ एवं लिपिकीय कर्मचारी शामिल हैं।

# कपुरी कोठार में 17 दिसम्बर से आयोजित श्रीराम कथा की हो रही तैयारी

**नवभारत न्यूज**

**बघवार 8 अक्टूबर। जिले के रामपुर नैकिन तहसील अंतर्गत प्राचीन हनुमान मंदिर कपुरी कोठार में श्रीराम कथा महोत्सव का आयोजन 17 दिसम्बर से 25 दिसम्बर तक किया जाएगा।**

जिसमें अंतर्राष्ट्रीय संत मुरलीधर जी महराज के श्रीमुख से कथा की रसवर्षा की जाएगी। उक्त आयोजन के सूत्रधार अनोखेलाल सिंह सगौनी के द्वारा काफी दिनों से श्रीराम कथा के आयोजन को लेकर आम जनो से चर्चा की जा रही थी। उक्त श्रीराम कथा के आयोजन को लेकर विगत दिनों कृष्णदेव सिंह केडी पूर्व जनपद अध्यक्ष रामपुर नैकिन के नेतृत्व में हनुमान मंदिर प्रांगण कपुरी कोठार में ग्रामीणों के साथ एक बैठक का आयोजित कर श्री राम कथा के



आयोजन से संबंधित तैयारी एवं जन सहयोग के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उक्त कथा के सूत्रधार अनोखेलाल सिंह ने बताया कि संतशिरोमणि मुरधीधर जी महराज के मुखारविंदों से मैं कई बार कथा सुन चुका हूं। मैं उनसे इतना प्रभावित हुआ कि मैं अपने गांव और आसपास के लोगों को भी उनका दर्शन एवं उनके भक्ति प्रवाह से अवगत कराने के उद्देश्य से और क्षेत्र के जन कल्याण के लिए उन्हें यहां आमंत्रित किया है। इस पुनीत कार्य में सभी लोग अपनी क्षमता अनुसार मदद एवं सहयोग करें।

इस अवसर पर कृष्णदेव सिंह केडी ने कहा कि यह हम सबका और हमारे क्षेत्र का परम सौभाग्य है कि ऐसे दिव्य संत यहां श्रीराम कथा कहने आ रहे हैं। हम सबका यह दायित्व है कि अपने क्षेत्र के जन कल्याण के लिए इस पुनीत कार्य में ज्यादा से ज्यादा मदद करें और जिससे जो बन सके वह अपना सहयोग जरूर दे। इस अवसर पर आचार्य डॉ.आदिकेशव पाण्डेय, उमेश सिंह भरतपुर, अनुराग सिंह, सतीश सिंह, रमेश चतुर्वेदी, अनोखेलाल सिंह, अशोक सिंह पप्पे, राजेश सिंह, विष्णु सिंह, अरुण शेखर त्रिपाठी, नरेन्द्र पाण्डेय, अनूप चतुर्वेदी, शशिभूषण तिवारी, हंशराज सिंह, जीतेन्द्र द्विवेदी, अश्वनी त्रिपाठी, हनुमान प्रसाद मिश्रा, कमलेश त्रिपाठी, योगेन्द्र शुक्ला, राजेन्द्र त्रिपाठी, कामता बैस, मेदिनी प्रसाद शर्मा, मंगलेश्वर सिंह आदि ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# पात्र लाभार्थियों का चिह्नांकन समयबद्ध और व्यवस्थित तरीके से किया जाए : डॉ .राजेश

## कुसमी जनपद में वयोश्री एवं एडिप योजना अंतर्गत एलिम्को द्वारा सहायक उपकरण चिह्नांकन शिविर का हुआ आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 8 अक्टूबर। जिले के जनपद पंचायत कुसमी के सभागार में वयोश्री योजना अंतर्गत वृद्धजनों एवं एडिप योजना अंतर्गत दिव्यांगजनों के लिए एलिम्को जबलपुर द्वारा सहायक उपकरण चिह्नांकन शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर के मुख्य अतिथि सांसद डॉ.राजेश मिश्रा रहे और कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम ने की।**

इस अवसर पर कुल 54 लाभार्थियों का चिह्नांकन किया गया, जिसमें वयोश्री योजना



अंतर्गत 37 वृद्धजन और एडीपी योजना अंतर्गत 17 दिव्यांगजन शामिल थे। इस अवसर पर सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने कहा कि इस प्रकार के शिविर वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों के लिए अत्यंत उपयोगी हैं, क्योंकि ये उन्हें आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराकर जीवन में स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी पात्र लाभार्थियों का चिह्नांकन समयबद्ध और व्यवस्थित तरीके से किया जाए और उन्हें समय पर उपकरण प्रदान किए जाएं। विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने कहा कि ऐसे शिविर समाज के कमजोर वर्गों के लिए आशा की किरण हैं।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक लाभार्थी तक उपकरण पहुंचने में किसी प्रकार की देरी न हो और उनका उचित प्रशिक्षण व उपयोग सुनिश्चित किया जाए ताकि वे अपने जीवन में आत्मनिर्भर बन सकें। शिविर का संचालन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुसमी ज्ञानेन्द्र मिश्रा के मार्गदर्शन में किया गया।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में डॉ .दीपक त्रिपाठी, ट्रांसडिसिप्लिनरी विशेष शिक्षक शिवांशु शुक्ला, नम्रता मिश्रा जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र सीधी, सहायक ग्रेड-3 प्रभात शुक्ला तथा समग्र विस्तार अधिकारी जयराज सिंह उपस्थित रहे।